बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

Bihar State Power Transmission Company Limited

(निबंधित कार्यालय–विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)

(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)

TINVAT NO-10011255025 CIN-U74110BR2012SGC018889

Website:www.bsptcl.bih.inc.in

DEPARTMENT OF HR & ADMINISTRATION

संकल्प सं0– 712 पटना, दिनांक– 16/03/22

T-III/Accounts/PF-20023/19

श्री मुकेश कुमार, तदेन लेखा पदाधिकारी, कम्पनी मुख्यालय सम्प्रति लेखा पदाधिकारी, संचरण जोन, पटना से बिना सक्षम प्राधिकार के अनुमति के विदेश यात्रा करने एवं तथ्य को छुपाने के लिए इस कार्यालय के पत्रांक–2182 दिनांक–26.11.2021 के द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया। श्री कुमार द्वारा अपने समर्पित जवाब में मुख्यतया निम्न तथ्यों का उल्लेख किया गया:–

(i) अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत होने की प्रत्याशा में एवं भारी आर्थिक नुकसान को देखते हुए विदेश (थाईलैंड) यात्रा पर चले गये।

(ii) अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने की सूचना नहीं दी गयी।

श्री कुमार द्वारा समर्पित जवाब की समीक्षा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर की गयी; समीक्षोपरांत पाया गया कि श्री कुमार द्वारा दिनांक–18.02.2020 से 23.02.2020 तक विदेश यात्रा (थाईलैंड) हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु अनुरोध किया गया था। परन्तु इसी दरम्यान प्रशासनिक कारणों से श्री कुमार का स्थानान्तरण कम्पनी मुख्यालय से संचरण अंचल, पूर्णिया हो जाने के कारण श्री कुमार के विदेश यात्रा हेतु समर्पित आवेदन पर अंतिम निर्णय लंबित रहा। श्री कुमार द्वारा स्थानांतरित कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बजाय चिकित्सा छुट्टी का आवेदन देकर छुट्टी में प्रस्थान कर गये एवं लगातार छुट्टी विस्तार का आवेदन देते रहे, परन्तु उक्त छुट्टी विस्तार आवेदन में विदेश यात्रा का उल्लेख न कर अतिआवश्यक कार्य का जिक्र किया गया अर्थात श्री कुमार के द्वारा तथ्य को छुपाने का प्रयास किया गया। चूँकि श्री कुमार का विदेश यात्रा की अनुमति हेतु उपस्थापित संचिका पर अंतिम निर्णय लंबित था, अतः उन्हें सूचना देना संभव नहीं था। साथ ही श्री कुमार द्वारा अपने छुट्टी आवेदन में चिकित्सा अवकाश/अति आवश्यक कार्य का जिक्र किया गया। अतः ऐसा माना गया कि वे विदेश यात्रा पर नहीं गये है।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि श्री कुमार द्वारा स्वेच्छाचारी रवैया अपनाया गया एवं लापरवाही बरती गयी। श्री कुमार का उक्त कृत्य अनुशासनहीनता एवं कम्पनी द्वारा निर्गत निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना का परिचायक है। अतः समीक्षोपरांत श्री कुमार द्वारा समर्पित जवाब को असंतोषप्रद मानते हुए, उन्हें चेतावनी का दण्ड संसूचित करने का निर्णय लिया गया।

अतः श्री मुकेश कुमार, लेखा पदाधिकारी, संचरण जोन, पटना को 'चेतावनी' का दण्ड संसूचित किया जाता है।

आदेशः– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति श्री मुकेश कुमार, लेखा पदाधिकारी, संचरण जोन, पटना को हस्तगत करा दी जाय।

आदेशानुसार,

ह0/–

(अब्दुर रहमान)

उपमहाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)

P.T.O

ज्ञापांक – 713 / पटना, दिनांक– 16/03/22 /

प्रतिलिपि–निदेशक (परिचालन)/ निदेशक (परियोजना)/महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)/ महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, सभी संचरण जोन/ सभी मुख्य अभियंता/सभी मुख्य अभियंता (असैनिक)/उपमहाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक)/सभी उप सचिव/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक)/सभी अवर सचिव/ उप विधि परामर्शी/सभी वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/सभी सहायक कार्यपालक अभियंता/सभी सहायक अभियंता (असैनिक)/सभी लेखा पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/सभी प्रशासी पदाधिकारी/प्रधान आप्त सचिव/सभी प्रधान अग्रजन/सभी सहायक भंडार नियंत्रक/आप्त सचिव/सभी विधि पदाधिकारी/ डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर/सभी सूचना प्रोद्योगिक प्रबंधक/सभी सहायक सूचना प्रोद्योगिक प्रबंधक/सभी विद्युत कनीय अभियंता/सभी कनीय अभियंता (असैनिक)/अधीक्षक (निर्गम)/सभी कर्मी,, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड, पटना एवं श्री मुकेश कुमार, लेखा पदाधिकारी, संचरण जोन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी पदाधिकारियों/कर्मियों को निर्देशानुसार यह भी निदेशित किया जाता है कि यदि भविष्य में इस प्रकार का कृत्य किया जाता है तो विभागीय/अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

3. डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर, ट्रांसमिशन कम्पनी से अनुरोध है कि उक्त संकल्प की प्रति कम्पनी के बेवसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

16/3/22

(अब्दुर रहमान)
उपमहाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)

16/3/22